दिनांक 14.06.2017

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ राज्यस्तरीय किकबाक्सिंग चैम्पियनशीप में गोल्ड, सिल्वर, ब्राउन्स, पदक पाने वाले बच्चों को महापौर देवेन्द्र यादव ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

बिलासपुर में आयोजित चौथा राज्यस्तरीय किकबाक्सिंग चैम्पियनशीप में भिलाई के महारानी लक्ष्मी बाई स्कुल रामनगर मुक्तिधाम के विजय कुमार देवांगन ने गोल्ड, कोमल कुमार देवांगन, अजय कुमार देवांगन ने सिल्वर तथा प्रभात विद्यालय के छत्रपाल साहू ने ब्राउन्स पदक प्राप्त कर भिलाई को गौरान्वित किया है। महापौर ने अपने कक्ष में विजयी छात्रों से भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया। बच्चों के कोच विकास निर्मलकर ने बताया कि सितम्बर में होने वाले नेशनल चैम्पियन शीप के लिए इन बच्चों का चयन किया गया है। महापौर ने बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सफल होने की शुभकामना दी है।

जनसम्पर्क अधिकारी